कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव (छ.ग.)

Phone No : 07786-242109 Email Id : dpm.kondagaon@gmail.com

क्र./292/मु.चि.अ./एन.एच.एम./2017–18 कोण्डागांव, दिनांक 23/10/2017

प्रति,

NIC प्रभारी
जिला कार्यालय,
जिला–कोण्डागांव

विषय :– **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव अंतर्गत विभिन्न ईकाईयों के संविदा पदों की भर्ती के संबंध में।**

––0––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न ईकाईयों की भर्ती हेतु पद विज्ञापित किये गये है। जिसकी प्रेस विज्ञप्ति इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः उक्त विज्ञापन को जिले/राज्य की वेब साइट में अपलोड करने का कष्ट करे।

संलग्न :– प्रेस विज्ञप्ति एवं विज्ञापन का प्रारूप ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोण्डागांव छ.ग.

क्र./292-D/मु.चि.अ./एन.एच.एम./2017–18 कोण्डागांव, दिनांक 23/10/2017

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर, जिला कोण्डागांव को सादर सूचनार्थ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोण्डागांव छ.ग.

//विज्ञप्ति//

जिला कोण्डागांव के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत **NHM/RBSK/RNTCP/NVBDCP/ ICTC/NPPCF** ईकाई हेतु विभिन्न पदों – **Dental Surgeon, Ayush Medical Officer (Male), Ayush Medical Officer (Female), Pharmacist (RBSK), Staff Nurse, Lab Technician (RBSK), Lab Technician (RNTCP), STLS (Senior Treatment Laboratory Supervisor), VBD Consultant, Feeding Demonstrator, VBD Malaria Technical Supervisor (MTS), District Consultant Accountant (RNTCP), ICTC Counselor, STI Counselor, District Program Coordinator (RNTCP)** पर भर्ती हेतु पद विज्ञापित किये गये है। रिक्त पद, वेतनमान, आवश्यक योग्यता, भर्ती नियम एवं शर्तें तथा चयन प्रक्रिया की समय सारणी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं राज्य/जिले के वेबसाइट **www.cgstate.gov.in / www.kondagaon.gov.in** पर उपलब्ध है।

आवेदक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगतरूप से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में दिनांक 24.10.2017 से 04.11.2017 शाम 5.00 बजे तक निर्धारित शुल्क एवं दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोण्डागांव छ.ग.

(1)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
कोण्डागांव जिला–कोण्डागांव (छ.ग.)

क्र./मु.चि.स्वा.अ./रा.स्वा.मि./2017–18/2921–E कोण्डागांव, दिनांक 23/10/2017

विज्ञापन क्रमांक–2/2017

विज्ञापन

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोण्डागांव अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, के ROP 2016-17 में स्वीकृत पदों के अनुसार कोण्डागांव जिले में विभिन्न ईकाईयों के निम्नानुसार संविदा पदों की भर्ती हेतु आवश्यक अर्हता रखने वाले एवं इच्छुक आवेदकों से दिनांक 24/10/2017 से 04/11/2017 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार हैः–

S. No.	Post	Unit	Total Post	SC		ST			OBC		UR		Salary	Educational Qualification	Desirable
				मुक्त	महिला	मुक्त	महिला	निःशक्त	मुक्त	महिला	मुक्त	महिला			
1	Dental Surgeon	NHM	3	-	-	3	-	-	-	-	-	-	BDS-20000 MDS-25000	MDS with registration in Chhattisgarh Medical Counsil is compulsory. (MDS डिग्री का छ.ग. मेडिकल काऊसिल में पंजीयन अनिवार्य) Or /या BDS with registration in Chhattisgarh Medical Counsil is compulsory. (BDS डिग्री का छ.ग. मेडिकल काऊसिल में पंजीयन अनिवार्य)	
2	Lab Technician	RBSK	11	1	-	6	2	-	1	-	1	-	10000	**DMLT or BMLT Course with Registration in CG Paramedical Council. (DMLT or BMLT कोर्स का छ.ग. पैरामेडिकल काऊसिल में पंजीयन अनिवार्य)	
3	VBD Consultant	NVBDCP	1	-	-	-	-	-	-	-	1	-	31500	M.Sc. Zology/Entomology +3Year of work experience in related field. (प्राणी विज्ञान/कीट विज्ञान में स्नातकोत्तर + संबंधित क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव)	
4	Ayush Medical Male	RBSK	6	-	-	6	-	-	-	-	-	-	20000	BHMS/BAMS/BUMS Degree (आयुष,होम्यो,युनानी पंजीयन से संबंध) Registration from any GOI Recognized (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board.	
5	Ayush Medical Female	RBSK	7	-	-	6	-	-	-	-	1	-			

Chief Medical & Health Officer
Distt. Kondagaon (C G)

6	Pharmacist	RBSK	6	1	-	3	1	-	-	-	1	-	10000	Degree OR Diploma in Pharmacy (50%) & CG Registration in Pharmacy Registration council (फॉर्मासी में डिग्री / डिप्लोमा(50%) तथा (छ.ग. फार्मासी काऊसिल में पंजीयन अनिवार्य)	
7	Feeding Demonstrator	NHM	1	-	-	1	-	-	-	-	-	-	10000	B.Sc. home science. (गृह विज्ञान (B.Sc.) में स्नातक)	
8	Accountant	RNTCP	1	-	-	-	-	-	-	-	1	-	10000	1. Graduate in commerce (वाणिज्य में स्नातक) 2. 2 years of experience in maintenance of accounts on double entry system in a recognized society. (दोहरा लेखा प्रणाली (Double Entry System) मे कार्य का 2 वर्ष का अनुभव) 3. Experience in working with accounting software for at least for two years. (लेखा संबंधित साफ्टवेयर में कम से कम एक वर्ष का कार्यानुभव)	1. Familiarity with audit in a recognized society or institute. (एक मान्यता प्राप्त संस्था से (Audit) लेखापरीक्षा से परिचित होना) 2. MBA/PGD in Financial management. (MBA / वित्तीय प्रबंधन मे PG डिप्लोमा)
9	VBD Malaria Technical Supervisor (MTS)	NVBDCP	3	-	-	2	-	-	1	-	-	-	10500	Graduate from biology stream or graduate with science subject in class XI & XII will be considered. (In case of candidate with the desired qualification not available) (जीव विज्ञान में स्नातक या X तथा XII कक्षा में विज्ञान विषय अगर चाही गई योग्यता ना मिले तो)	

Chief Medical & Health Officer
Distt. Kondagaon (C G)

10	District Consultant	NPPCF	1	-	-	-	-	-	-	-	1	-	30000	(A) For medical person: Post graduate degree (MD) in community medicine/public health / biochemistry / pathology / community resource management/ environment health Or Equivalent (चिकित्सा व्यक्तियों के लिए:– सामुदायिक चिकित्सा / लोक स्वास्थ / पर्यावरण स्वास्थ्य या समकक्ष में स्नाताकोत्तर डिग्री Or/ या (B) Non medical person: Doctorate degree (PhD) in biochemistry / nutrition / microbiology / molecular biology / life science / public health/ community resource Or Equivalent (गैर चिकित्सा व्यक्तियों के लिए:– जैवरसायन / पोषण / लोक स्वास्थ / सामुदायिक संसाधन या समकक्ष में पी. एच.डी. डाक्टोरेट डिग्री)	At least 3 yr experience after post graduate medical qualification/ doctorate qualification for non medical/teaching /laboratory services/ program implementation etc.
11	Staff Nurse	NHM	17	-	-	14	1	2		-	-	-	14784	B.Sc. or GNM course passed (छ.ग. नर्सिंग काऊसिल में पंजीयन अनिवार्य) & live registration in Chhattisgarh nursing registration council.	
12	STLS (Senior Treatment Laboratory Supervisor)	RNTCP	1	-	-	1	-	-	-	-	-	-	16500	1. Graduate (स्नातक) 2. Diploma in Medical Laboratory Technology OR equivalent from a Govt. recognized institution. (चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या समकक्ष सरकारी संस्था से मान्यता प्राप्त) 3. Permanent two wheeler driving license& should be able to drive two-wheeler. (दुपहिया वाहन चलाने का ज्ञान एवं दुपहिया वाहन का स्थायी ड्राईविंग लाईसेस होना अनिवार्य है) 4. Certificate course in computer operations. (minimum two months) (कम्प्युटर के क्षेत्र मे 2 माह का प्रमाणित कोर्स)	Minimum 1 year experience in RNTCP
13	Lab Technician	RNTCP	2	1	-	1	-	-	-	-	-	-	10000	Intermediate (10+2) and Diploma or Certified course in medical laboratory Technology or equivalent. (10+2 या चिकित्सा प्रयोगशाला प्राद्योगिकी मे एक वर्षीय डिप्लोमा)	1. One year experience in RNTCP or Spectrum smear Microscopy 2. Candidate with Higher qualification (for example Gradates) shall be preferred.

14	District Program Coordinator	RNTCP	1	-	-	-	-	-	-	-	1	-	22000	1. MBA/PG Diploma in Management/ Health Administration from rcognized Institiute/ University (MBA या PG डिप्लोमा प्रबंधन / स्वास्थ्य प्रशासन में मान्यता प्राप्त संस्था से) 2. Atleast 1 year of work experience. (कम से कम एक वर्ष का कार्यानुभव)	1. Preference will be given to those who have worked in the field of development/Health at District/ State level. 2. Basic Knowledge of Computers.
15	ICTC Counselor	ICTC	1	-	-	-	-	-	-	-	1	-	13000	**Essential Qualification** PG Degree/Diploma in Psychology/Social Worker/Sociology/ Anthropology/Human Development/Nursing (स्नातकोत्तर या डिप्लोमा मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / नागरिक शास्त्र / नृविज्ञान / मानव विज्ञान / नर्सिंग) OR /या Graduate in psychology /Social work/Sociology/ Anthropology/Human Development/Nursing (स्नातक मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / नागरिक शास्त्र / नृविज्ञान / मानव विज्ञान / नर्सिंग) In the case of those recruited from the community of people infected with or affected by HIV/Aids, the experience will be relaxed to the minimum of one year of experience in the field of HIV/AIDS. (यदि कोई व्यक्ति HIV/AIDS से संक्रमित है तो उन्हें अनुभव हेतु एक वर्ष छुट दी जावेगी।) **Other Expertise Required:-** Working Knowledge of Computers (कम्प्युटर में कार्य करने का ज्ञान)	**Experience:-** Minimum 1 year Experience after PG degree /Diploma of working in the field of counseling in health sector preferably in HIV/ AIDS. **OR** Minimum 3 years of working experience after graduation of working in field of counseling in health sector preferably in HIV/ AIDS.

Chief Medical & Health Officer
Distt. Kondagaon (C G)

16	STI Counselor	ICTC	1	-	-	1	-	-	-	-	-	-	13000	**Essential Qualification** PG Degree/Diploma in Psychology/Social Worker/Sociology/ Anthropology/Human Development/Nursing (स्नातक मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / नागरिक शास्त्र / नृविज्ञान / मानव विज्ञान / नर्सिंग) OR/या Graduate in psychology /Social work/Sociology/ Anthropology/Human Development/Nursing (स्नातक मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / नागरिक शास्त्र / नृविज्ञान / मानव विज्ञान / नर्सिंग) In the case of those recruited from the community of people infected with or affected by HIV/Aids, the experience will be relaxed to the minimum of one year of experience in the field of HIV/AIDS. (यदि कोई व्यक्ति HIV/AIDS से संक्रमित है तो उन्हें अनुभव हेतु एक वर्ष छुट दी जावेगी।) **Other Expertise Required:-** Working Knowledge of Computers. (कम्प्युटर में कार्य करने का ज्ञान)	**Experience:-** Minimum 1 year Experience after PG degree /Diploma of working in the field of counseling in health sector preferably in RTI/STI and HIV/ AIDS. **OR** Minimum 3 years of working experience after graduation of working in field of counseling in health sector preferably in RTI/STI and HIV/ AIDS.

टीप :–

- * **DMLT/BMLT** के प्रत्याशी उपलब्ध नहीं होने की दशा में विकल्प के तौर पर पैथालॉजी में पैरामेडिकल कौन्सिल में अनिवार्य पंजीयन अर्हता रखने वाले को प्राथमिकता दी जा सकती है।
- कौशल परीक्षा हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की जानकारी या कौशल परीक्षा की तिथि जिले/राज्य के वेब साइट **www.kondagaon.gov.in / www.cgstate.gov.in** में दी जावेगी । पृथक से जानकारी नहीं दी जावेगी।

1. आवेदन पत्र के संबंध में :–

1.1 आवेदक जिले/राज्य के वेबसाइट **www.kondagaon.gov.in / www.cgstate.gov.in** में विज्ञापन अनुसार आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर भरकर आवेदन कर सकते है इसके अलावा समाचार पत्र में प्रकाशित आवेदन प्रारूप को भरकर आवेदन कर सकते है।

1.2 समाचार पत्र में प्रकाशित तिथि से दिनांक 04/11/2017 को सायं 5.00 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोण्डागांव (छ.ग.) में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ व्यक्तिगत रूप से स्वीकार किये जायेंगे। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1.3 विज्ञापन का प्रारूप/खारिज किये गये आवेदकों का पदानुसार विवरण/समय–समय पर दावा आपत्ति की सूचना/लिखित परीक्षा की तिथि/कौशल परीक्षा की तिथि/आवेदनों में छंटनी किये

गये अभ्यार्थियों की सूची तथा परीक्षा केन्द्र की जानकारी समय–समय पर जिले के वेबसाइट **www.cgstate.gov.in** में उपलब्ध करायी जावेगी। इसके लिए व्यक्तिगत रूप से पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी। इस संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने संबंधी आपत्ति स्वतः खारिज मानी जावेगी। इनका प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव जिला–कोण्डगांव एवं कार्यालय जिला कलेक्टर कोण्डागांव में किया जावेगा। चयन के किसी भी स्तर पर या काउन्सलिंग के समय भी यदि आवेदक उपस्थित नहीं होता है तो इसे उसके कार्य के प्रति अरूचि मानते हुए उसे प्रक्रिया से बाहर कर दिया जावेगा।

1.4 आवश्यकतानुसार परीक्षा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थाओं में या कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोण्डागांव में ली जावेगी। जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा। जिसकी सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

1.5 16500 रूपयें या 16500 रूपयें से अधिक मासिक संविदा मानदेय के पदों हेतु आवेदक को छ.ग. मूल निवासी होना चाहिए एवं प्रदेश के सभी अभ्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे। मूल निवासी उपलब्ध ना होने की स्थिति में ही अन्य राज्य के निवासियों को अवसर दिया जावेगा। 16500 रूपयें से कम वेतन के पदों हेतु आवेदक को जिले का मूल निवासी होना चाहिए।

1.6 अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण तथा समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे।

1.7 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध किया जावे तथा पृष्ठ क्रमांक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र 2. निवास प्रमाण पत्र 3. जाति प्रमाण पत्र, 4. शैक्षणिक योग्यता 5. अनुभव प्रमाण पत्र, 6. अन्य प्रमाण पत्र)

1.8 एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा।

1.9 अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं द्वारा सत्यापित कर चिपकायें एवं 01 फोटो अतिरिक्त आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें। अन्यथा आवेदन निरस्त माना जावेगा ।

1.10 डाक द्वारा विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । इसकी जवाबदारी स्वयं आवेदक की होगी।

1.11 अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार में पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

1.12 आवेदन शुल्क डी.डी. के माध्यम से स्वीकार्य होगी। डी.डी. **जिला स्वास्थ्य समिति, कोण्डागांव** के पक्ष के अलावा दुसरे नाम की डी.डी. स्वीकार्य नहीं होगी एवं आवेदन प्राप्ति उपरांत डी.डी. में सुधार व जमा मान्य नहीं किया जावेगा। डी.डी. क्रमांक का उल्लेख करने पर ही आवेदन मान्य होगा।

वर्ग	निर्धारित मानदेय 25000/- से कम पर शुल्क	निर्धारित मानदेय 25000/- या उससे अधिक पर शुल्क
निःशक्त जन/अ.जा./अ.ज.जा./महिला	200/– रू.	350/– रू.
अन्य	400/– रू.	650/– रू.

नोटः– पदनाम **ICTC Counselor** एवं **STI Counselor** हेतु आवेदन शुल्क नही लिये जायेगें ।

2. आयु सीमा :–

2.1 01 जनवरी 2017 को आयु न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होना चाहिए। आयु की गणना 01 जनवरी 2017 के अनुसार की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छुट सम्मिलित है।

2.2 संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण एवं अन्य शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2014 के सभी नियम एवं शर्तों के अनुसार लागु होंगें।

3. चयन प्रक्रिया :–

3.1 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यार्थियों का चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

क्रमांक	कुल विज्ञापित पदों की संख्या	स्क्रीनिंग / साक्षात्कार किये जाने हेतु अभ्यार्थियों की संख्या
1	1 से 10	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना
2	11 से 50	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना
3	50 से अधिक	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना

3.2 कौशल परीक्षा के दिन निम्न अभिलेखों के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है –

1. दसवीं की अंकसूची
2. स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकसूची
3. संबंधित डिग्री
4. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
5. सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र
6. मूल निवासी प्रमाण पत्र
7. निःशक्तता का प्रमाण पत्र
8. अनुभव प्रमाण पत्र – यह केवल शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों या उपक्रमों का ही मान्य होगा।

उपयुक्त अभिलेखों का एक स्वप्रमाणित सेट मूल प्रति सहित अभ्यार्थियों को कौशल परीक्षा के समय प्रस्तुत करना होगा।

3.3 अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी।

NHM ईकाई के पदों के लिए	RNTCP ईकाई के पदों के लिए
शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत 70 प्रतिशत अंक	शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत 60 प्रतिशत अंक
अनुभव–10 (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक)	अनुभव–10 (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक)
शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव दोनों के योग के आधार पर प्रावीण्य सूची का प्रकाशन किया जावेगा।	अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता–05 अंक (अभ्यर्थी के विषय / पद से संबंधित अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता में ही अंक दिये जायेंगे ।)
कौशल परीक्षा – 20 अंक	शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव दोनों के योग के आधार पर प्रावीण्य सूची का प्रकाशन किया जावेगा।
	कौशल परीक्षा – 25 अंक

पद	कौशल परीक्षा
प्रबंधकीय पदों हेतु	कम्प्युटर बेस्ड स्किल टेस्ट
सेवा प्रदाता (क्लिनिकल) पदों हेतु	स्किल बेस्ड टेस्ट

- प्रबंधकीय पद के सभी अभ्यर्थियों को कम्प्युटर/लैपटाप पर दिये गये विषय पर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार कर चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा इय हेतु समय निर्धारित रहेगा ।
- स्टॉफ नर्स संवर्ग हेतु प्रसव प्रक्रिया तथा नवजात शिशु की देखभाल संबंधी टेस्ट 10–10 अंकों सिस्टर ट्युटर या प्रशिक्षित स्टॉफ नर्स के द्वारा चयन समिति के समक्ष लिये जावेंगे।

भर्ती के संबंध में महत्वपूर्ण शर्तें एवं दिशा–निर्देश –

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
3. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2018 (भारत सरकार द्वारा आगामी वर्ष 2017–18 की आर.ओ.पी. में प्राप्त अनुमोदन की प्रत्याशा में) तक के लिये होगी कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
4. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
5. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (निःशक्तजन/भूतपूर्व सैनिक) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न ना होने की स्थिति में संबंधित प्रवर्ग के सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यार्थियों सक्षम अधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पद स्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पद स्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
8. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का **Performance Appraisal** नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जायेगा।
9. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
10. चयनित अभ्यर्थी कार्य पर उपस्थिति हेतु 7 कार्य दिवस का अवसर दिया जावेगा।
11. उक्त पद के लिए प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैद्यता जारी दिनांक से न्यूनतम 01 वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न होने जो पहले हो, तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पद/त्यागपत्र/किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

12. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीद्वार द्वारा किसी भी प्रकार से दवाब डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
13. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला कलेक्टर को होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
14. उक्त नियुक्ति का चयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जिले के जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जावेगा, परंतु प्रशासकीय नियंत्रण जिला स्तरीय पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव जिला–कोण्डागांव छ.ग. एवं विकास खण्ड स्तर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी होंगे।
15. स्टॉफ नर्स के लिए स्टॉफ नर्स प्रशिक्षित मितानिनों को एक वर्ष के कार्य पर 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक दिया जावेगा । कार्यावधि का प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर से ही मान्य होगा ।
16. लैब टेक्नीशियन पद हेतु शैक्षणिक योग्यता में **DM LT/ BM LT** एवं पैरामेडिकल कौंसिल पंजीयन अनिवार्य है, ना मिलने की स्थिति में पैथोलॉजी में पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण या पैरामेडिकल कोर्स में पंजीयन को लिया जा सकता है।
17. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए किये जाने वाले चयन माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर याचिकाओं (क्रमांक 591/2012 रिट पिटिशन (सी) क्रमांक 592/2012 रिट पिटिशन (सी) क्रमांक 594/2012 रिट पिटिशन) में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन रहेगी एवं माननीय उच्च न्यायालय के आदेश/निर्णय के अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की वर्गवार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।
18. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा/अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
19. कार्यभार ग्रहण करते समय चयनित अभ्यर्थी को नियंत्रणकर्ता के साथ अनुबंध करना होगा तथा स्वयं का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र छ.ग. मानव संसाधन नीति 2014 अनुसार प्रस्तुत करना होगा। नियुक्ति उपरांत चरित्र सत्यापन कराया जायेगा। सेवा के योग्य नहीं पाये जाने पर नियुक्ति तत्काल समाप्त की जावेगी।
20. चयन उपरान्त यदि कोई दी गयी जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला–कोण्डागांव (छ.ग.)

(10)

आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञापन क्र. व दिनांक .....
आवेदित पद का नाम .....

स्वयं द्वारा
सत्यापित
नवीनतम
पासपोर्ट साइज
रंगीन फोटो

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला–कोण्डागांव (छ.ग.)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) : .....
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) .....
2. पिता / पति का नाम : .....
3. माता का नाम : .....
4. अ) जन्मतिथि (अंकों में) : .....
   ब) आयु 01 जनवरी 2017 की स्थिति में : वर्ष ..... माह..... दिन.....
5. जाति (सामान्य / अजा. / अजजा / अपिव) : .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं : .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. क्या आप विकलांग श्रेणी के है : .....
   विकलांगता का प्रतिशत एवं प्रकार : .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. भूतपूर्व सैनिक हां / नहीं : .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. स्थानीय निवास का पता : .....
   .....
   .....
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता : .....
    .....
    .....
    मोबाईल नं. .....
    ई–मेल आईडी .....

11. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत है। हां/नहीं (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

12. यदि आवेदित पद के संदर्भ में अनुभव प्राप्त है तो उनका विवरण देंवे : .....

.....

.....

.....

13. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दण्डात्मक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में विचारण हेतु लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें : .....

.....

.....

14. मेडिकल कौंसिल का नाम : .....

पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक .....

15. शैक्षणिक योग्यता : (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)

क्रं.	परीक्षा का नाम	बोर्ड का नाम	उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष	उत्तीर्ण परीक्षा के विषय	उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का पूर्णांक	उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का प्राप्तांक	प्रतिशत

16. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :

1. दसवीं/बारहवीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र .....
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का) .....
3. कम्प्युटर योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र .....
4. जाति प्रमाण पत्र .....
5. मूल निवास प्रमाण पत्र .....
6. निःशक्तता का प्रमाण पत्र .....
7. भूतपूर्व सैनिक स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित प्रमाण पत्र .....
8. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति ..... अन्य .....
9. मेडिकल कौंसिल संबंधी प्रमाण पत्र .....
10. .....
11. .....12. .....

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम.....

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि इस आवेदन में दी गयी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीद्वारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान.....

दिनांक.....

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम.....